# आईजीआईपीईएसएस ने आधारभूत स्तर की जिम्नास्टिक चैंपियनशिप 2023-24 का आयोजन किया

BY KHELTODAY · SEPTEMBER 15, 2023

**Share us on**

24 Views

चैंपियनशिप की शुरुआत से पहले जिमनास्टिक स्कूल के प्रो. समीरन चक्रवर्ती, विभागाध्यक्ष, जिमनास्टिक स्कूल व प्रो. ललित शर्मा, कार्यक्रम निर्देशक, जिमनास्टिक स्कूल द्वारा एक कार्यशाला "नए पॉइंट कोड (सीओपी) 2023 का उन्नयन" विषय पर संस्थान के नए सम्मलेन कक्ष मे आयोजित की गई



**खेल टुडे ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** जिम्नास्टिक स्कूल (आईजीआईपीईएसएस की इकाई) ने दो दिवसीय आधारभूत स्तर की जिम्नास्टिक चैंपियनशिप 2023-24 का कार्यक्रम दिनांक 24-08-2023 से 25-08-2023 तक संस्थान के

जिमनास्टिक हॉल में संपन्न करवाया। चैंपियनशिप छह स्तर पर रखी गयी। जिसमे लड़कियों के चार स्तर व लड़को के तीन स्तर पर भाग लिया गया।




स्तर के अनुसार उपकरण का वर्गीकरण कुछ इस प्रकार किया गया:

**लड़के**

| वर्ग एवं उम्र | उपकरण-1 | उपकरण-2 | उपकरण-3 | उपकरण-4 |
|---|---|---|---|---|
| स्तर – 1 (5 से 7 साल) | फ्लोर एक्सरसाइज | सॉफ्ट बोर्ड | पैरेलल बार | पॉमेल हॉर्स |
| स्तर – 2 (8 साल) | फ्लोर एक्सरसाइज | सॉफ्ट बोर्ड | पैरेलल बार | पॉमेल हॉर्स |
| स्तर – 3 (8 से 10 साल) | फ्लोर एक्सरसाइज | बक हॉर्स | पैरेलल बार | पॉमेल हॉर्स |

**लड़कियाँ**

| वर्ग एवं उम्र | उपकरण-1 | उपकरण-2 | उपकरण-3 |
|---|---|---|---|
| स्तर – 1 (5 से 7 साल) | फ्लोर एक्सरसाइज | सॉफ्ट बोर्ड | बैलेंसिग बीम |
| स्तर – 2 (8 साल) | फ्लोर एक्सरसाइज | सॉफ्ट बोर्ड | बैलेंसिग बीम |
| स्तर – 3 (8 से 10 साल) | फ्लोर एक्सरसाइज | बक हॉर्स | बैलेंसिग बीम |
| स्तर – 4 (10 से 12 साल) | फ्लोर एक्सरसाइज | टेबल वॉल्ट | बैलेंसिग बीम |







चैंपियनशिप की शुरुआत से पहले जिमनास्टिक स्कूल के प्रो. समीरन चक्रवर्ती, विभागाध्यक्ष, जिमनास्टिक स्कूल व  प्रो. ललित शर्मा, कार्यक्रम निर्देशक, जिमनास्टिक स्कूल द्वारा एक कार्यशाला जिसका विषय : "नए पॉइंट कोड (सीओपी) 2023 का उन्नयन" जिसका आयोजन 23.08.2023 को दोपहर 3:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक संस्थान के नए सम्मलेन कक्ष मे किया गया। इस कार्यशाला मे 35 प्रतिभागियों ने भाग लिया जिसमे चैंपियनशिप के जज और कार्यक्रम के स्वयंसेवक भी शामिल थे। यह कार्यशाला जिम्नास्टिक विशेषज्ञता वाले छात्रों और बाहरी संस्थान के जज को नए पॉइंट कोड (सीओपी) २०२३ से अवगत करने के लिए आयोजित की गयी ताकि जज चैंपियनशिप में छात्रों का निरिक्षण/जाँच सुचारू रूप से कर सके।

पहले दिन के कार्यक्रम की शुरुआत प्रो. समीरन चक्रवर्ती, विभागाध्यक्ष, जिमनास्टिक स्कूल व  प्रो. ललित शर्मा, कार्यक्रम निर्देशक द्वारा कुछ प्रायोजकों का परिचय करने से हुई जिन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने मे अपना

योगदान दिया। श्री पवन कुमार और साहिल, प्रायोजक, स्वस्थ भोजन भागीदार, ग्रिट्ज़ो सुपरमिल, सुश्री ऐश्वर्य ,प्रायोजक, संतुलन बीम (जिम्नास्टिक उपकरण), श्री राजीव, प्रायोजक, जलपान भागीदार, मार्क असम टी, श्री रोहित, परिधान भागीदार, टबॉर्न, श्री महेश, परिधान भागीदार, शिव नरेश (प्राचार्य द्वारा मुहैया करवाई गयी), श्री सौरभ, ज्ञान भागीदार, शारीरिक शिक्षा विश्व। प्रो गौरी चक्रवर्ती ने चैंपियनशिप स्थल मे आकर बच्चो को प्रोत्साहित किया व एंकर की भूमिका निभाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। डॉ. रोहित सरोहा, श्री जगदीश शर्मा, श्री धर्मेन्द्र, डॉ. कनिका गुप्ता, डॉ दीपिका शर्मा, सुश्री प्रियंका, सुश्री आरती, श्री चरक, श्री सचिन, सुश्री दीपा, श्री अमित और श्री जितेंदर जज के तौर पर उपस्थित रहे। संस्थान के प्राचार्य प्रो. संदीप तिवारी प्राचार्य ने चैंपियनशिप स्थल का दौरा किया व सभी प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाया व उनकी सराहना की। कार्यक्रम के पहले दिन कुल 240 बच्चो ने भाग लिया

संस्थान के असेंबली हॉल में उपरोक्त कार्यक्रम को लाइव प्रस्तुत किया गया | प्रतिभागियों के प्रशिक्षक एवं अभिभावकों ने बच्चों के प्रदर्शन करते हुए देखा | जिमनास्टिक्स स्कूल की तरफ से प्रत्येक टीम के साथ एक स्वयंसेवक उपस्थित रहा जिसने टीम का मार्गदर्शन किया व चैंपियनशिप को अनुशासित रूप से करवाने मे अपनी अहम भूमिका निभाई। पंजीकरण डैस्क और तकनीकी विभाग को सुचारु रूप से चलाने मे संस्थान के बी.पी.एड के छात्रों ने अपना योगदान दिया।

कार्यक्रम के दूसरे दिन डॉ. रोहित सरोहा, डॉ. कनिका गुप्ता, डॉ दीपिका शर्मा, सुश्री प्रियंका, सुश्री आरती, सुश्री दीपा, और श्री जितेंदर जज के तौर पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दूसरे दिन कुल 110 बच्चो ने भाग लिया| कार्यक्रम के दूसरे दिन लड़कियों के चार स्तर और लड़कों का एक स्तर और दो स्तर की प्रतियोगिता का समापन हुआ।


GRASSROOTS LEVEL GYMNMASTICS CHAMPIONSHIP
ORGANIZED BY
IGIPESS SCHOOL OF GYMNASTICS
GRITZO
G20


GPS Map Camera
New Delhi,DL,India
Shaheed Raj Guru Marg, Shankar Garden, New Delhi, 110018, DL, India
Lat 28.631395, Long 77.071867
08/24/2023 10:06 AM GMT+05:30
Note : Captured by GPS Map Camera


GPS Map Camera
New Delhi,DL,India
Shaheed Raj Guru Marg, Shankar Garden, New Delhi, 110018, DL, India
Lat 28.631179, Long 77.072216
08/24/2023 10:14 AM GMT+05:30
Note : Captured by GPS Map Camera


GRASSROOTS LEVEL GYMNASTICS CHAMPIONSHIP
IGIPESS SCHOOL OF GYMNASTICS


GPS Map Camera
New Delhi,DL,India
Shaheed Raj Guru Marg, Shankar Garden, New Delhi, 110018, DL, India
Lat 28.631192, Long 77.072240
08/24/2023 10:11 AM GMT+05:30
Note : Captured by GPS Map Camera






| स्तर 1 (लड़कियां) परिणाम | | | |
|---|---|---|---|
| उपकरण | खिलाड़ी का नाम | संस्थान | रैंक |
| फ्लोर एक्सरसाइज | प्रेक्षा | विजय श्री अकादमी | पहला |
| | तयैरा | एफ डबलू एन अकादमी | दूसरा |
| | आनंदिया गोगिया | हैंग इन | तीसरा |
| सॉफ्ट बोर्ड | अव्यना | सूरज और फिटनेस | पहला |
| | रायका | सूरज और फिटनेस | दूसरा |
| | अनाहिता | विजय श्री | तीसरा |
| बैलेंसिग बीम | अहाना रॉय चौधरी | फन एंड फ्लिप | पहला |
| | तिशिका गोयल | जी डी गोयनका | दूसरा |
| | टिया | जेनेसिस ग्लोबल स्कूल | तीसरा |
| सर्वांगीण सर्वोत्तम | प्रेक्षा | विजय श्री अकादमी | पहला |
| | अहाना रॉय चौधरी | फन एंड फ्लिप | दूसरा |
| | रायका | सूरज और फिटनेस | तीसरा |

| स्तर 2 (लड़कियां) परिणाम | | | |
|---|---|---|---|
| उपकरण | खिलाड़ी का नाम | संस्थान | रैंक |
| फ्लोर एक्सरसाइज | मानसी | मंदिर सीनियर स्कूल | पहला |
| | क्दयेशा | प्रो एक्टिव मंत्र | दूसरा |
| | रुचिका | विजय श्री | तीसरा |
| सॉफ्ट बोर्ड | रुचिका | विजय श्री | पहला |
| | नायरा | आर्यन जिम्नास्टिक सेंटर | दूसरा |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | चारवी | हैंग इन | तीसरा |
| बैलेंसिग बीम | नायसा | एक्सीलेंस जिम्नास्टिक्स | पहला |
| | इमारा | एक्सीलेंस जिम्नास्टिक्स | दूसरा |
| | नायरा | आर्यन जिम्नास्टिक्स | तीसरा |
| सर्वांगीण सर्वोत्तम | पीहू | विजय श्री | पहला |
| | घनाली | जेनेसिस ग्लोबल स्कूल | दूसरा |
| | क्दयेशा | प्रो एक्टिव मंत्र | तीसरा |

| स्तर 3 (लड़कियां) परिणाम | | | |
|---|---|---|---|
| उपकरण | खिलाड़ी का नाम | संस्थान | रैंक |
| फ्लोर एक्सरसाइज | कियारा | विजय श्री जिमनास्टिक्स अकादमी | पहला |
| | अदिरा | विजय श्री जिमनास्टिक्स अकादमी | दूसरा |
| | नव्या | बाल भारती पब्लिक स्कूल | तीसरा |
| सॉफ्ट बोर्ड | बिथिका | एम सी डी स्कूल | पहला |
| | एंजेल | एक्सीलेंस जिम्नास्टिक्स | दूसरा |
| | नव्या | बाल भारती पब्लिक स्कूल | तीसरा |
| बैलेंसिग बीम | भव्या | एक्सीलेंस जिम्नास्टिक्स | पहला |
| | अनिका | विजय श्री जिमनास्टिक्स अकादमी | दूसरा |
| | तेजस्विनी | जिमनास्टिक्स ऑन टॉस | तीसरा |
| सर्वांगीण सर्वोत्तम | अनिका | विजय श्री जिमनास्टिक्स अकादमी | पहला |
| | वन्या | विजय श्री जिमनास्टिक्स अकादमी | दूसरा |
| | नव्या | बाल भारती पब्लिक स्कूल | तीसरा |

| स्तर 4 (लड़कियां) परिणाम | | | |
|---|---|---|---|
| उपकरण | खिलाड़ी का नाम | संस्थान | रैंक |
| फ्लोर एक्सरसाइज | निसा | एक्सीलेंस जिम्नास्टिक्स | पहला |
| | काश्वी नारंग | फ्यूचर फिट | दूसरा |
| | सिद्धि भारद्वाज | विजय श्री जिमनास्टिक्स अकादमी | तीसरा |
| टेबल वॉल्ट | सिद्धि भारद्वाज | विजय श्री जिमनास्टिक्स अकादमी | पहला |
| | सानवी भाटिया | विजय श्री जिमनास्टिक्स अकादमी | दूसरा |
| | समाइरा सक्सेना | विजय श्री जिमनास्टिक्स अकादमी | तीसरा |
| बैलेंसिग बीम | सिद्धि भारद्वाज | विजय श्री जिमनास्टिक्स अकादमी | पहला |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | राया केजरीवाल | एक्सीलेंस जिम्नास्टिक्स | दूसरा |
| | आरना | एक्सीलेंस जिम्नास्टिक्स | तीसरा |
| सर्वांगीण सर्वोत्तम | सिद्धि भारद्वाज | विजय श्री जिमनास्टिक्स अकादमी | पहला |
| | समाइरा सक्सेना | विजय श्री जिमनास्टिक्स अकादमी | दूसरा |
| | सानवी भाटिया | विजय श्री जिमनास्टिक्स अकादमी | तीसरा |

| **स्तर 1** (लड़के) परिणाम | | | |
|---|---|---|---|
| उपकरण | खिलाड़ी का नाम | संस्थान | रैंक |
| फ्लोर एक्सरसाइज | रेयान | जिम्नास्ट ऑन टॉस | पहला |
| | रुद्र | केन्द्रीय विद्यालय | दूसरा |
| | अर्पण यादव | एक्सीलेंस जिम्नास्टिक्स | तीसरा |
| सॉफ्ट बोर्ड | आयुष | फ्यूचर फिट | पहला |
| | युग | एक्सीलेंस जिम्नास्टिक्स | दूसरा |
| | सिद्धार्थ | फ्यूचर फिट | तीसरा |
| पैरेलल बार | सिद्धार्थ | फ्यूचर फिट | पहला |
| | आयुष | फ्यूचर फिट | दूसरा |
| | रणबीर | कोठारी इंटरनेशनल स्कूल | तीसरा |
| पोम्मेल हॉर्स | ऋषिविक | एक्सीलेंस जिम्नास्टिक्स | पहला |
| | सिद्धार्थ | फ्यूचर फिट | दूसरा |
| | रेयान | जिम्नास्ट ऑन टॉस | तीसरा |
| सर्वांगीण सर्वोत्तम | रेयान | जिम्नास्ट ऑन टॉस | पहला |
| | आयुष | फ्यूचर फिट | दूसरा |
| | रुद्र | केन्द्रीय विद्यालय स्कूल | तीसरा |

| **स्तर 2** (लड़के) **परिणाम** | | | |
|---|---|---|---|
| उपकरण | खिलाड़ी का नाम | संस्थान | रैंक |
| | तक्ष जोशी | सेंट थॉमस | पहला |

| | | | |
|---|---|---|---|
| फ्लोर एक्सरसाइज | लक्की | जिम्नास्ट ऑन टॉस | दूसरा |
| | सात्विक चंद | भारत इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल | तीसरा |
| सॉफ्ट बोर्ड | अनमोल | एफ.एस. एस और मुद्रा जिमनास्टिक्स अकादमी | पहला |
| | आशीष | वंदना इंटरनेशनल | दूसरा |
| | लक्की | जिम्नास्ट ऑन टॉस | तीसरा |
| पैरेलल बार | आवीर | जिम्नास्ट ऑन टॉस | पहला |
| | लक्की | जिम्नास्ट ऑन टॉस | दूसरा |
| | काइरव | जिम्नास्ट ऑन टॉस | तीसरा |
| पोम्मेल हॉर्स | आवीर | जिम्नास्ट ऑन टॉस | पहला |
| | काइरव | जिम्नास्ट ऑन टॉस | दूसरा |
| | लक्की | जिम्नास्ट ऑन टॉस | तीसरा |
| सर्वांगीण सर्वोत्तम | लक्की | जिम्नास्ट ऑन टॉस | पहला |
| | काइरव | जिम्नास्ट ऑन टॉस | दूसरा |
| | सात्विक चंद | भारत इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल | तीसरा |

| **स्तर 3 (लड़के) परिणाम** | | | |
|---|---|---|---|
| उपकरण | खिलाड़ी का नाम | संस्थान | रैंक |
| फ्लोर एक्सरसाइज | आर्यन | विजय श्री जिम्नास्टिक अकादमी | पहला |
| | क्षितिज | जिम्नास्ट ऑन टॉस | दूसरा |
| | हितार्थ | एक्सीलेंस जिम्नास्टिक्स | तीसरा |
| सॉफ्ट बोर्ड | मेहुल | ए. एस. एन. आर उच्च माध्यमिक विद्यालय | पहला |
| | शिव शर्मा | एक्सीलेंस जिम्नास्टिक्स | दूसरा |
| | ब्रैहान | बाल भारती पब्लिक स्कूल | तीसरा |
| पैरेलल बार | आर्यन | विजय श्री जिम्नास्टिक अकादमी | पहला |
| | क्षितिज | जिम्नास्ट ऑन टॉस | दूसरा |
| | मेहुल | ए. एस. एन. आर उच्च माध्यमिक विद्यालय | तीसरा |
| पोम्मेल हॉर्स | आर्यन | विजय श्री जिम्नास्टिक अकादमी | पहला |
| | मेहुल | ए. एस. एन. आर उच्च माध्यमिक विद्यालय | दूसरा |
| | क्षितिज | जिम्नास्ट ऑन टॉस | तीसरा |
| सर्वांगीण सर्वोत्तम | आर्यन | विजय श्री जिम्नास्टिक अकादमी | पहला |
| | क्षितिज | जिम्नास्ट ऑन टॉस | दूसरा |
| | मेहुल | ए. एस. एन. आर उच्च माध्यमिक विद्यालय | तीसरा |

सभी विजेता प्रतिभागियों को पदक और ट्राफियां से सम्मानित किया गया। अंत मे प्रो. समीरन चक्रवर्ती ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने वाले सभी स्थानीय आयोजन समिति व स्वयंसेवको को धन्यवाद कर कार्यक्रम का समापन किया ।